बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा किये गए बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र (BIA) के उद्घाटन से भारत के औद्योगिक परिदृश्य की प्रमुख प्रगति (विशेष रूप से महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में) पर प्रकाश पड़ा है।

- **रणनीतिक स्थान:** 7,855 एकड़ की परिवर्तनकारी परियोजना के रूप में BIA को दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे के एक भाग के रूप में राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDP) के तहत विकसित किया गया है।
  - इसकी NH-752E, औरंगाबाद रेलवे स्टेशन, औरंगाबाद हवाई अड्डे और जालना ड्राई पोर्ट से उत्कृष्ट कनेक्टिविटी है।
  - NICDP भारत का सबसे महत्त्वाकांक्षी बुनियादी ढाँचा कार्यक्रम है जिसका लक्ष्य **नए औद्योगिक शहरों को "स्मार्ट सिटी" के रूप में विकसित करना** तथा बुनियादी ढाँचा क्षेत्रों में अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों को शामिल करना है।
- **चरणबद्ध विकास:** 6,414 करोड़ रुपये के बजट से स्वीकृत इस परियोजना का विकास तीन चरणों में किया जाएगा।
  - **महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम** और **राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट** के साथ मिलकर **महाराष्ट्र औद्योगिक टाउनशिप लिमिटेड ने** इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाई है।
- **औद्योगिक उत्कृष्टता हेतु विज़न:** यह परियोजना **"मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड" पहल के अनुरूप है जिसका उद्देश्य** रोज़गार, निर्यात और सतत् विकास को बढ़ावा देना है।

//



और पढ़ें: 12 नए औद्योगिक स्मार्ट शहरों को मंज़ूरी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bidkin-industrial-area